डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/21-23 RNI. No.MPHIN/2005/24545

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजगढ़ जिले का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-21 अंक- 322 (सांध्य दैनिक) राजगढ़, शनिवार 31 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रूपया



दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता



लेख, कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए स्थानीय संपादक इफ्तेखार उद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9977442619
9425442435

दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता

लेख, कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए उप संपादक कमरूउद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9340636911
9425442435
आनंद एक्सीलेंस कॉलेज के सामने, वार्ड नं. 2, ब्यावरा (राजगढ़) मप्र


वाह री हरियाणा पुलिस!

## जमानत किसी और को मिली थी, रिहा किसी और को कर दिया

- फरीदाबाद की नीमका जेल में सामने आया एक अजीब मामला

बल्लभगढ़ (एजेंसी)। फरीदाबाद के नीमका जेल में कैदी को रिहा करने का एक अनूठा मामला सामने आया है। जमानत किसी और कैदी को मिली और उसे अपना बताकर 4 साल से जेल में बंद दूसरा कैदी जेल से बाहर आ गया। वह पॉक्सो एक्ट में बंद था। जेल प्रशासन इससे अनजान रहा। कैदियों के नाम एक जैसे और पिता के नाम की समानता ने ऐसा धोखा दिया कि असली जमानत पाने वाला जेल में रह गया, जबकि गंभीर धाराओं में बंद आरोपी फरार हो गया। अब सदर बल्लभगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कैदी पटना जिले का रहने वाला नीतिश कुमार पांडे है। उसके पिता का नाम रविंद्र है। वह राजीव कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। 25 मई को ओल्ड फरीदाबाद के शास्त्री कॉलोनी निवासी नितेश कुमार (पिता-रविंद्र) को मारपीट के मामले में



गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 26 मई को उसे अदालत से जमानत मिल गई। इस दौरान, जेल में पॉक्सो ऐक्ट में बंद उससे मिलता-जुलता नाम वाला दूसरा आरोपी नीतिश कुमार पांडे जेल अधिकारियों को झांसा देकर जमानत पर रिहा होने में सफल रहा। कैदी 26 मई को जेल से बाहर होने के बाद फरार हो गया। 27 मई को ओल्ड फरीदाबाद निवासी नितेश कुमार के परिवार वाले जेल पहुंचे और उसकी रिहाई के बारे में पूछा, तब जेल प्रशासन को गलती का अहसास हुआ। उन्होंने नितेश कुमार को रिहा किया। इसके बाद जेल प्रशासन ने इस मामले की जानकारी पुलिस के बड़े अधिकारियों को दी।

## एके-47 के लिए 4 लाख, पिस्टल पर 30 हजार का 'ईनाम', चल पड़ी स्कीम

- सरकार की 'हथियार लाओ ईनाम ले जाओ' वाली योजना हो रही सफल

**रायपुर (एजेंसी)।** हथियार लाओ कैश ले जाओ! आपने अक्सर तस्वीरें देखी होंगी, जिसमें नक्सली महंगे हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करते दिखाई देते हैं लेकिन क्या आपने सोचा है कि सरकार की ओर से इन हथियारों के लिए भी नक्सलियों को पैसा दिया जाता है ताकि हिंसा में इस्तेमाल होने वाले ये खतरनाक हथियार ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सरकार के पास जब्त हो सकें। हाल ही में छत्तीसगढ़ में 18 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सरेंडर कर दिया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर 31 मार्च, 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद के सफाये को लेकर काम करने में लगी हुई हैं। इसके लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## एमपी में 10 जून तक हो सकेंगे कर्मचारियों के तबादले

### सरकार ने आदेश जारी करने की समय सीमा बढ़ाई, पहले 30 मई तक की थी मियाद

भोपाल। एमपी में अब दस जून तक तबादले किए जा सकेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा से संबंधित आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि आज (शुक्रवार) तबादला आदेश जारी करने की मियाद खत्म हो रही थी। नए आदेश के बाद अब 11 दिन तक ई-आफिस के जरिए आदेश जारी किए जा सकेंगे। दरअसल, मोहन कैबिनेट की पिछली बैठक में मंत्रियों ने



तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग रखी थी, लेकिन तब सीएम ने इस पर पूरी तरह से सहमति नहीं दी थी। बैठक में कुछ मंत्रियों ने 15 दिन तक का समय यह कहकर बढ़ाने के लिए कहा था कि कलेक्टरों ने प्रभार के जिलों में तबादले की सूची अब तक मंत्री कार्यालय नहीं भेजी है। साथ ही राज्य स्तर पर होने वाले विभागीय तबादलों की सूची भी बनने में समय लग रहा है, क्योंकि तबादले के लिए भारी संख्या में आवेदन आए हैं। मंत्रियों की मांग पर सीएम यादव ने यह संकेत दिए थे कि तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा में वृद्धि की जा सकती है। चूंकि सीएम ने जीएडी को इसको लेकर कोई निर्देश नहीं दिए थे। इसलिए तब जीएडी अफसरों ने इस मामले में कुछ भी कहने से मना कर दिया था।

## एक शिफ्ट में हो नीट पीजी का एग्जाम, 'सुप्रीम' आदेश

- कहा-समय चाहिए तो आवेदन कर सकते हैं, 15 जून को होनी है परीक्षा



नईदिल्ली (एजेंसी)। नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि 2 शिफ्ट में एग्जाम से क्वेश्चन पेपर के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए नंबर्स में भी फर्क आ जाता है। नीट पीजी एग्जाम 15 जून को होना है जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है। बेंच ने कहा- ये तर्क माना नहीं जा सकता कि एग्जाम कराने के लिए एनबीई (नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन) को पर्याप्त सेंटर नहीं मिले। 2 शिफ्ट में एग्जाम कराना फेयर नहीं है। दो पेपर्स का डिफिकल्टी लेवल कभी एक जैसा नहीं हो सकता। नॉर्मलाइजेशन का इस्तेमाल एक्सेप्शनल केसेज में होना चाहिए, न कि रुटीन परीक्षाओं में। इस साल का एग्जाम 15 जून को होना है। अभी भी एग्जामिनेशन बॉडी तय करने और सेंटर्स चुनने के लिए 2 सप्ताह से ज्यादा का समय बाकी है। इसके बावजूद अगर और समय की जरूरत होती है तो आवेदन कर सकते हैं।

## ओडिशा के चीफ इंजीनियर के घर में छापेमारी

- घर में मिला करोड़ों का कैश, नोट गिनने को मंगाई गई मशीन

### विजलेंस की टीम को देखकर खिड़की से फेंके नोटों के बंडल

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर ने घर में इतना कैश रखा था कि जब विजिलेंस टीम की छापेमारी की भनक लगते ही वह रुपयों का बंडल फ्लैट से फेंकने लगा। विजिलेंस टीम को भी रुपये गिनने के लिए 7 - 8 कर्मचारियों की ड्यूटी लगानी पड़ी। कैश गिनने के लिए मशीन भी मंगाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, चीफ इंजीनियर के घर में 2.1 करोड़ की नगदी बरामद हुई। ओडिशा की विजिलेंस टीम को चीफ इंजीनियर बैकुंठ नाथ सारंगी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। इस आधार पर स्पेशल जज (विजिलेंस) ने सर्च वॉरंट जारी किया। छापेमारी के लिए 8 डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर और छह असिस्टेंट सब इंपेक्टर की टीम बनाई गई। विजलेंस टीम ने शुक्रवार को सारंगी के सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर के अपने फ्लैट में थे। उन्हें जब विजिलेंस टीम के आने का पता चला तो सबूत मिटाने के 500-500 रुपये के नोटों के बंडल फ्लैट की खिड़की से फेंकना शुरू किया। सारंगी की कई संपत्तियों की तलाशी ली गई।





## आज भोपाल में मोदी, पीएम संग मंच पर बैठेंगी महिला मंत्री

- सिंदूरी साड़ी और सेना जैसी वर्दी में व्यवस्था संभालेंगी कार्यकर्ता
- मोदी को सिंदूर का पौधा करेंगी भेंट, सख्त रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

**भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 31 मई को भोपाल के जंबूरी मैदान पर देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। मंच पर देवी अहिल्याबाई के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीरें भी नजर आएंगी।

महासम्मेलन के लिए भोपाल से 500 किलोमीटर के दायरे के 16 जिलों से महिलाओं को बुलाया गया है। दावा है कि कार्यक्रम में दो लाख महिलाएं शामिल होंगी। महिला महासम्मेलन में चार महिलाएं पीएम मोदी को सिंदूर का पौधा भेंट करेंगी। यह चारों महिलाएं गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि की होंगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश में यह पहला महिला सम्मेलन है।

इस महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री का संबोधन पूरे देश के साथ वैश्विक स्तर पर भी देने की कोशिश बीजेपी की ओर से होगी। वहीं, दतिया एयरपोर्ट पर उद्घाटन के दौरान जो प्लेन टेक ऑफ करेगा, उसकी पायलट भी महिला होगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू दतिया एयरपोर्ट पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। इधर, शनिवार को भोपाल में तेज आंधी चलने और हल्की बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने कहा है कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ के एक्टिव होने की वजह से ऐसा मौसम रहेगा। जंबूरी मैदान पर बने मंच पर पीएम मोदी के साथ राज्यपाल मंगू भाई पटेल, सीएम मोहन यादव, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, जगदीश देवड़ा, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल बैठेंगे। इन नेताओं के अलावा मंत्री संपतिया उईके, निर्मला भूरिया, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह के साथ महापौर मालती राय बैठेंगी।



**भोपाल के 1600 बूथों से महिलाएं बुलाई-** भोपाल जिले के 1600 बूथों से महिला कार्यकर्ताओं को इस सम्मेलन में बुलाया गया है। नजदीकी बूथ से 100 महिलाएं और ग्रामीण क्षेत्र के बूथों से 50-50 महिलाएं आएंगी। भोपाल में बीजेपी ने सम्मेलन की व्यवस्थाओं में 1550 महिलाओं की ड्यूटी लगाई है। जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने कहा कि स्कूलों में समर कैंप 15 मई को खत्म हो गए हैं। अभी समर वेकेशन चल रहा है। ऐसे में सभी स्कूल बंद हैं। कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। महासम्मेलन की व्यवस्थाएं संभालने वाली कुछ महिलाएं सिंदूरी साड़ी पहनेगी तो कुछ महेश्वरी साड़ी में दिखेंगी। इनमें से कुछ सेना जैसी वर्दी में भी नजर आएंगी। राजपूती परिधान के साथ ही मराठी साड़ी, आदिवासी परिधान में भी महिलाएं कार्यक्रम में शामिल होंगी। महासम्मेलन के लिए लगभग 5000 बसों के जरिए महिलाएं भोपाल के जंबूरी मैदान पहुंचेंगी।

## ऑपरेशन सिंदूर ने बदली दिग्गज कांग्रेसी की सोच!

- बोले-अनुच्छेद 370 हटने से कश्मीर में आई समृद्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा है कि अनुच्छेद 370 को हटाने से कश्मीर में अलगाववाद खत्म हुआ और समृद्धि आई है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। खुर्शीद ने ये बातें इंडोनेशिया में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में कहीं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में विकास हुआ है और हाल के



चुनावों में 65 फीसदी मतदान हुआ। खुर्शीद इंडोनेशिया में थिंक टैंक और शिक्षाविदों के सदस्यों से बात कर रहे थे। वह जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। खुर्शीद ने कहा कि अनुच्छेद 370 के कारण कश्मीर देश से अलग-थलग महसूस होता था लेकिन अब इसे खत्म कर दिया गया है। सलमान खुर्शीद ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में माहौल बदला है। उन्होंने पिछले साल हुए चुनावों में 65 फीसदी मतदान का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अब एक निर्वाचित सरकार है। खुर्शीद ने कहा, 65 प्रतिशत भागीदारी के साथ चुनाव हुआ। आज कश्मीर बदल गया है।

## अंकिता मर्डर केस में भाजपा नेता के बेटे समेत 3 को उम्रकैद

### 2 साल 8 महीने बाद जिला कोर्ट का फैसला, हत्या करके लाश नहर में फेंकी थी

**कोटद्वार (एजेंसी)।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य समेत 3 को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलकित के अलावा उसके दो कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को भी सजा सुनाई गई है। कोटद्वार जिला कोर्ट ने इस मामले में 2 साल 8 महीने के बाद फैसला दिया है। तीनों दोषियों पर 50 -50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट ने तीनों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अंकिता ऋषिकेश में पुलकित आर्या के रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। 18 सितंबर, 2022 को अंकिता गायब हो गई थी। 24 सितंबर 2022 को अंकिता का शव चीला नहर में मिला था। कोर्ट का फैसला आने से पहले अंकिता भंडारी के पिता वीरेंद्र सिंह



ने बेटी के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। उन्होंने कहा- जिन दरिंदों ने उनकी निर्दोष बेटी को मारा, उन्हें मौत की सजा मिलनी चाहिए। 19 साल की अंकिता ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करती थी। 18 सितंबर, 2022 को अंकिता अचानक गायब हो गई थी। इसके बाद उसके पिता ने रिसॉर्ट पहुंचकर कर्मचारियों से पूछताछ की थी। बेटी का पता नहीं चलने पर उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। शक के आधार पर जब पुलिस ने पुलकित से पूछताछ की तो उसने बताया कि अंकिता भंडारी रिसॉर्ट के एक कमरे में रहती थी। कुछ दिन से वह मानसिक तनाव से गुजर रही थी। इसलिए वह और उसके दोस्त 18 सितंबर को अंकिता को ऋषिकेश घुमाने ले गए थे। देर रात सभी वहां से वापस आए।

## एमपी-यूपी में 14 दिन देरी से आएगा मानसून

- बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन, इससे मानसून में देरी होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 24 मई को मानसून की इंट्री के बाद यह 17 राज्यों में दस्तक दे चुका है। सिर्फ छह दिनों में देश में अब तक 33 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। गुरुवार को यह पूर्वोत्तर के बचे हिस्से और फिर सिक्किम पार कर पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों में पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को यह बिहार व बाकी पश्चिम बंगाल में पहुंच सकता है। हालांकि, अब इसकी रफ्तार थमने के आसार हैं।



बंगाल की खाड़ी में बना दबाव वाला क्षेत्र सागर द्वीप से होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ेगा। यह डिप्रेशन उत्तर भारत की ओर मानसून को धकेलने के बजाय विपरीत दिशा में खींचेगा। इससे मानसून की गति धीमी हो जाएगी। दो-तीन दिनों में असर दिखेगा। अनुमान है कि मानसून पर एक हफ्ते से 10 दिन का ब्रेक लग सकता है, जिससे मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश का इंतजार बढ़ सकता है। आईएमडी के अनुसार, गुरुवार को पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश तटों से दूर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव लगभग उत्तर की ओर बढ़ा और पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश तटों को पार कर गया। इसके चलते अगले 24 घंटों में असम में भारी बारिश की संभावना है। सबसे ज्यादा असर कछार, हैलाकांडी, श्रीभूमि, धुबरी, दक्षिण सालमारा, गोलपारा, बारपेटा, बोंगाईगांव, पश्चिम कार्बी आंगलोंग, कोकराझार, चिरांग, बजाली, बक्सा, तामुलपुर, नलबाड़ी, कामरूप (मेट्रो), कामरूप, दरांग, उदलगुरी, मारीगांव, नागांव, होजाई, सोनितपुर, दिमा हसाओ में रहेगा।

## अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली, नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है: मुख्यमंत्री

- कहा-देवी अहिल्याबाई सहित रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मी बाई महिला की सशक्त छवि को दर्शाती हैं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर निकाली जा रही अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह रैली, समृद्ध भारतीय संस्कृति में विद्यमान नारी सम्मान और महिला की सशक्त छवि की अभिव्यक्ति भी है।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर हर काल में सुशासन की प्रतीक रही है। जब विदेशी आक्रांता दिल्ली से बैठकर भारत पर शासन कर रहे थे, तब लोकमाता ने महिला सशक्तिकरण की अद्भुत मिसाल पेश की। रानी दुर्गावती, वीरांगना लक्ष्मीबाई और रानी अवंती बाई ने भी नारी सम्मान को ऊंचाई दी।




रानी अहिल्याबाई एक आदर्श बहू, आदर्श मां, आदर्श पत्नी और महान शासिका थीं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत दुखों को शक्ति में बदलते हुए नारी सशक्तिकरण, महिला शिक्षा, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और जनकल्याण के अनेक कार्य किए। मां अहिल्या ने अपनी प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक समर्पण से बताया कि इच्छाशक्ति और सेवा भाव से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

# विधायक श्री पटवा ने औबेदुल्लागंज में की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

## आमजन की शिकायतों, समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के दिए निर्देश





**रायसेन (निप्र)।** जनपद पंचायत ओबैदुल्लागंज के सभाकक्ष में भोजपुर विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा द्वारा अनुभाग ओबेदुल्लागंज अन्तर्गत आने वाले समस्त विभागों के विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमें प्रत्येक विभाग के द्वारा बारी-बारी से विभाग के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों व शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसपर विधायक श्री पटवा ने आवश्यक निर्देश दिये। प्रमुख रूप से राजस्व, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू,आबकारी,एमपीईबी, स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका, ग्रामीण विकास,महिला बाल विकास,पीएचई, पुलिस विभाग आदि की समीक्षा की गई।* विधायक श्री पटवा द्वारा सभी को निर्देशित किया कि समस्त विभाग ये सुनिश्चित करे कि आमजनो की शिकायतों तथा समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण हो।

जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि 10 पंचायतों को आदर्श बनाने हेतु बैठक करे,सभी पंचायतों में स्ट्रीटलाइट सीसीटीवी कैमरा आदि सुविधाएं सुनिश्चित करे।विधायक निधि से संपन्न कार्यो की सूची उपलब्ध करवाये, लंबे समय से एक ही ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिवों के स्थानांतरण हों। 15वे वित्त के कार्यो की समीक्षा करे। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि उनके विगत वर्षों के लंबित कार्यो को तेज़ी से पूरा करे। -स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि उनके पूर्ण संजीवनी क्लिनिक का हैंड ओवर संबंधित विभाग से प्राप्त करे, इसके साथ ही नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के स्थान चिन्हित कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाये। -एमपीआरडीसी को निर्देशित किया कि जहां भी सड़के ख़राब हो उसकी तुरंत मरम्मत की जाये तथा हाईवे पर स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये। -सीएमओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि नगर के सौंदर्यीकरण करे, हाईवे के दोनों तरफ़ वृक्षारोपण करे। विशनखेड़ा टोल के पास स्थित होटलो की वजह से हाईवे के किनारे अधिक मात्रा में कचरा पन्नी आदि होता है उसकी सफाई हेतु निर्देशित किया। पुलिस विभाग से चर्चा कर जुआ,सट्टा, तथा अवैद्य शराब बिक्री पर तत्काल कार्यवाही हो जिससे अवैध शराब बिक्री पर रोक लग सके। सड़क दुर्घटनाएं कम हो । पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली अधूरी नल-जल योजनाये जल्दी पूर्ण हो,तथा झिरी बेहड़ा की समस्या का तत्काल निराकरण करे। -एनएच-45 के डिवाइडर पर स्थित मिसरोद से ओबैदुल्लागंज तथा ओबेदुल्लागंज से तमोट,विनेका,धामधूसर पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए । -वन विभाग को निर्देशित किया कि अन्य निर्माण विभाग द्वारा चाही गई हह्रष्ट की प्रक्रिया जल्दी पूर्ण की जाए जिसके लिए संबंधित विभाग को चेकलिस्ट प्रदान करे। साथ ही सुल्तानपुर क्षेत्र अंतर्गत उड़दमऊ,गोरिया इमलिया, सालेगढ़ आदि में वन भूमि के अतिक्रमण हटवाए। -विद्युत विभाग से उपस्थित सोनकर जी को निर्देशित किया कि आमजन तथा जनप्रतिनिधि के कॉल इग्नोर न करे।सुल्तानपुर की विद्युत की समस्याओं को विस्तार से सुना एवम् तत्काल सुधार हेतु ईई श्री सोनकर को निर्देशित किया तथा समस्त समस्याओं को सी.ई. लेवल तक अवगत कराने के निर्देश दिये। -एसडीओ पी डबल्यू डी को उनकी समस्त निर्माणाधीन सड़क मार्गो को पूर्ण करने के निदेश दिए। -अतिक्रमण पर सख्ूती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही महोदय द्वारा अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा भी की गई, तथा सभी को जनकेंद्रित होकर कार्य करने हेतु कहा गया। -आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि अवैद्य शराब बिक्री पर कार्यवाही करे। -इसके साथ ही हाल ही में ओबैदुल्लागंज में वृहद स्तर पर हटाए गए अतिक्रमण की माननीय द्वारा एसडीएम समेत समस्त अधिकारियों कर्मचारियों की सराहना की। -समस्त विभाग की मासिक समीक्षा करने के निर्देश दिए,तथा कमियों को पूरा कर गुणवत्ता के साथ कार्य करने हेतु कहा गया। बैठक में तीनों नगरपालिका के अध्यक्ष तथा जनपद अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रोन से खेतों में कीटनाशक छिड़काव कर संगीता हुई आत्मनिर्भर

**हरदा (निप्र)।** हरदा विकासखण्ड के ग्राम अबगांव निवासी संगीता चौहान के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। वह भी कुछ काम करके अपने परिवार की आय बढ़ाना चाहती थी, लेकिन कुछ समझ नहीं आ रहा था। गांव में एक दिन संगीता को पता चला कि महिलाओं के स्वसहायता समूहों को घर पर ही छोटे मोटे व्यवसाय शुरू करने के लिये सरकार से आर्थिक मदद मिलती है। बस फिर क्या था, संगीता ने अपने आसपास की कुछ महिलाओं से बात कर सिद्धी विनायक आजीविका स्वसहायता समूह गठित कर लिया। समूह की महिलाओं ने ड्रोन संचालन का विधिवत प्रशिक्षण लिया। अब सभी महिलाएं मिलकर ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेतों में कीटनाशक छिड़काव का व्यवसाय अच्छी तरह करने लगी हैं, जिससे इन महिलाओं की आय बढ़ी है और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही है। संगीता ने बताया कि ड्रोन संचालन से समूह की महिलाओं को हर माह 10 से 15 हजार रूपये तक आय हो जाती है, जिससे गांव के लोग उन्हें अब ''लखपति ड्रोन दीदी'' कहकर बुलाते हैं तो बड़ा अच्छा लगता है।

### चिकित्सा हेतु अस्पताल पहुंचाने और उसकी जान बचजाती है तो 25 हजार का ईनाम

**सीहोर (निप्र)।** प्रधानमंत्री श्री मोदी को राहवीर योजना को लागू किए जाने के लिए मंत्रि-परिषद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक्सीडेंट में घायल प्रत्येक व्यक्ति के लिए 108 एम्बुलेंस, एयर एम्बुलेंस तो शुरू की ही है, इसके साथ ही भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राहवीर योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना को भी प्रदेश में लागू कर दिया है, इसके क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर को आदेशित कर दिया है। योजना में प्रावधान है कि यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में किसी घायल व्यक्ति को उसके गोल्डन-ऑवर (प्रारंभिक 1 घंटे) में चिकित्सा के लिए अस्पताल तक पहुंचाता है, और उसकी जान बच जाती है, उस स्थिति में उसे 25 हजार रूपये का ईनाम दिया जाएगा, जो पूर्व में 5 हजार रूपये था। साथ ही यदि कोई नागरिक घायल व्यक्ति को सीधा अस्पताल ले जाता है, उस स्थिति में अस्पताल द्वारा पुलिस को सूचना दी जाएगी। संबंधित व्यक्ति को भी इस पत्र की प्रति दी जाएगी, साथ ही पुलिस द्वारा कलेक्टर को भी इस संबंध में एक पत्र लिखा जायेगा। परिवहन विभाग द्वारा व्यक्ति के खाते में सीधे राशि ट्रांसफर की जावेगी।

### महिला बंदियों को दिया स्वरोजगार प्रशिक्षण

**सीहोर (निप्र)।** सीहोर स्थित जिला जेल में महिला बंदियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने हेतु आलू चिप्स बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जेल उपाधीक्षक सुश्री ज्योति तिवारी सुश्री बूसी रोबी, सहित वालंटियर्स उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण बेथेल फॉर रेफ्यूज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दिया गया।

### आठनेर की सरिता कोसे बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल, पीएमएफएमई योजना से मिला नया जीवन

**बैतूल (निप्र)।** प्रदेश सरकार लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मनाने जा रही है। शासन के प्रयासों से प्रदेश की महिलाएं सशक्त हो रही है और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रही है।आठनेर की एक सामान्य महिला श्रीमती सरिता कोसे भी आज ग्रामीण क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। पहले वे पारंपरिक खेती-किसानी का कार्य करती थीं, लेकिन आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के साथ उन्होंने स्वरोजगार की राह अपनाई। सरिता ने अपने घर पर एक पुरानी सेकंड हैंड आटा चक्की मशीन खरीदकर छोटा सा व्यवसाय शुरू किया। हालांकि मशीन की पुरानी स्थिति के चलते उन्हें तकनीकी दिक्कतों और समय की बर्बादी जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। इसी बीच उन्हें केंद्र सरकार की पीएमएफएमई योजना की जानकारी। योजना के तहत उन्हें 1 लाख 65 हजार रुपये का लोन स्वीकृत हुआ, जिससे उन्होंने एक नई आटा चक्की मशीन खरीदी। नई मशीन से उनका व्यवसाय न केवल आसान हुआ बल्कि अब पहले से कहीं बेहतर चल रहा है। मशीन में कोई परेशानी नहीं आ रही और सरिता को नियमित रूप से अच्छी आमदनी भी हो रही है।

## हर चुनौती का डटकर करती हैं सामना, राहत और बचाव कार्यों में प्लाटून कमांडर रश्मि की अहम भूमिका



**विदिशा (निप्र)।** प्लाटून कमांडर कुमारी रश्मि दुबे विदिशा जिले की युवतियों के लिए इंस्पिरेशन का कार्य कर रही हैं। राहत और बचाव कार्यों के साथ-साथ प्रशिक्षण जैसे कार्यों में प्लाटून कमांडर कुमारी रश्मि दुबे की अहम भूमिका होती है। दिन हो या रात वह बिना रुके वह अपने कार्यों का संपादन करती हैं जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अनोखी मिसाल है। प्लाटून कमांडर कुमारी रश्मि दुबे होमगार्ड कार्यालय विदिशा में पदस्थ हैं। वह कहती है की नारी अपने आप में ही एक शक्ति है, नारी आज हर क्षेत्र में कार्य कर रही है और सभी चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ रही हैं। वह बताती है कि वह जब नौकरी में आई और नौकरी के पहले उन्हें काफी सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। सब कहते थे कि महिला होकर यह कार्य कैसे कर पाओगी फिर भी उन्होंने इन सभी चीजों को दरकिनार कर अपनी पढ़ाई पूरी कर नौकरी प्राप्त की और आज वह प्लाटून कमांडर के पद पर रहकर कार्य कर रही हैं। आज भी वह उनके सामने आने वाली सभी चुनौतियों का डटकर सामना करती हैं।

### हर चुनौती का डटकर सामना

प्लाटून कमांडर कुमारी रश्मि दुबे का कहना है कि चाहे कैसी भी भी मुसीबत आपदा, आगजनी या अन्य कोई घटना हो घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को बचाना उनको रेस्क्यू करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है और यह कार्य वह जिले में पदस्थ रहकर वह और उनकी टीम बखूबी निभाती है या जो भी अन्य कार्य हो उनमें महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कभी-कभी तो रात्रि में भी ड्यूटी निभानी पड़ती है आपदा या अन्य कोई घटना के समय लोगों को राहत पहुंचाना ही हमारा नैतिक दायित्व है। वह कहती हैं कि मुझे तसल्ली रहती है कि हम पीड़ितों की सेवा कर रहे हैं मुसीबत में कैसे लोगों को बचाना है यह हमारा लक्ष्य रहता है।

### अन्य युवतियां हो रही है प्रेरित

कुमारी रश्मि दुबे कहती हैं कि आज जब अन्य युवतियां मुझे वर्दी में देखती हैं तो वह भी इससे प्रेरित होती है और इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए उत्सुक रहती हैं। मुझे इस बात की बहुत खुशी होती है और इस जॉब में आना सफल भी होता है। महिला सशक्तिकरण के विषय में उनका कहना है कि महिला सशक्तिकरण एक जिम्मेदारी है जिसे हम ही हम सभी को मिलकर निभाना है।

# आगामी एक सप्ताह में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में लाएं प्रगति- कलेक्टर श्री विश्वकर्मा

## कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बेगमगंज जनपद कार्यालय में आयोजित पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की संयुक्त बैठक में दिए निर्देश



**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने बेगमगंज जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित ग्राम पंचायत सचिवों तथा रोजगार सहायकों की संयुक्त बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में किए जा रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण, रिचार्ज पिट सहित अन्य प्रारंभ किए गए कार्यो, प्रगतिरत कार्यो की विस्तार से जानकारी लेते हुए समीक्षा करते हुए कार्यो में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों को आगामी एक सप्ताह में कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बेगमगंज जनपद क्षेत्र में 296 खेत तालाब और 262 रिचार्ज पिट पूर्ण कराए जाने हैं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो को गंभीरतापूर्वक पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की जल से जुड़ी जरूरतों को बनाए रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। विगत वर्षो के भू-जल स्तर और वर्तमान भू-जल स्तर में काफी अंतर आया है। इस बारे में सभी को गहन विचार-विमर्श करना बेहद जरूरी है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से खेत तालाब निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं जाएं।

साथ ही और किसानों को भी खेत तालाब निर्माण के लिए प्रोत्साहित करें। इससे भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ ही खेत में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी मिलेगा। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंचायतों में किए जा रहे अन्य कार्यो तथा जागरूकता गतिविधियों की भी जानकारी लेते हुए नागरिकों को जल का महत्व बताते हुए जल संरक्षण हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# स्व-सहायता समूह और आजीविका मिशन ने संवारा अनीता सोलंकी का जीवन

### गरीबी रेखा से ऊपर उठकर बनीं गांव की प्रेरणास्त्रोत, अब दूसरों को दे रही हैं आत्मनिर्भरता की सीख



**नर्मदापुरम (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की पहल से अनेक ग्रामीण महिलाओं के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक सफलता की कहानी है ग्राम निवासी अनीता सोलंकी की, जिन्होंने अपनी मेहनत, स्व-सहायता समूह के सहयोग और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की मिसाल पेश की है।स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पूर्व अनीता सोलंकी की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। उनके परिवार की मासिक आय केवल 2000-3000 रुपये थी, और उनके पति मजदूरी पर निर्भर थे। घरेलू खर्च चलाना कठिन था और अनीता दीदी परिवार की निर्णय प्रक्रिया में भी शामिल नहीं हो पाती थीं। वर्ष 2018 में आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद अनीता दीदी ने समूह की बैठकों के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और आत्मविश्वास से भरपूर होकर अपनी आजीविका सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। उन्होंने बैंक से 30,000 रुपये का ऋण लेकर सिलाई की दुकान शुरू की। समय के साथ आय में वृद्धि हुई और दीदी ने 60,000 रुपये का पुनः ऋण लेकर सिलाई, पीको, इंटरलॉक, माला निर्माण एवं साबुन निर्माण जैसे कार्य प्रारंभ किए। इसके अतिरिक्त, दीदी को बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से यूनिफॉर्म सिलाई और गिफ्ट पर्स निर्माण के ऑर्डर भी मिलने लगे। आज अनीता दीदी की मासिक आय 12,000 से 15,000 रुपये हो गई है। स्वयं की प्रगति के साथ ही दीदी ने गांव में अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया। उन्होंने नए स्व-सहायता समूहों के गठन में सहयोग दिया, बैठकों में भागीदारी को बढ़ावा दिया और इसी के चलते उन्हें ग्राम संगठन का अध्यक्ष चुना गया। वर्तमान में वह संकुल स्तरीय संगठनकी अध्यक्ष हैं और सभी परिवारों की मासिक आय 10,000 रुपये से अधिक करने हेतु सक्रिय प्रयास कर रही हैं।

### 5 जून से ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान प्रारम्भ होगा

**हरदा (निप्र)।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि आगामी 21 जून को 11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, इसके लिये सभी आवश्यक तैयारियां करें। उन्होने सभी कलेक्टर्स को समग्र व ई-केवायसी से संबंधित कार्य आगामी 30 जून तक शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा कि ई-केवायसी की कार्यवाही पूरी होने से अपात्रों के खाते में शासकीय धन जाने से रूकेगा। हरदा कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.डी. प्रजापति व संयुक्त कलेक्टर श्री सतीश राय एवं श्री संजीव नागू सहित कृषि, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, पशुपालन, उद्यानिकी, नगरीय प्रशासन, परिवहन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं।

# कलेक्टर ने हनौता बांध और विस्थापन कार्यों का जायजा लिया



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने बुधवार को कुरवाई अनुविभाग क्षेत्र में निर्माणाधीन हनौता बांध सिंचाई परियोजना के कार्यों का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने बांध के निर्माण कार्यो के लिए अधिग्रहण की गई भूमि के स्वामित्व को देय सुविधाएं का भी स्थलीय निरीक्षण किया है। उन्होंने ग्राम हनौता में बीना नदी पर निर्माणाधीन हनौता सिंचाई परियोजना से प्रभावितों को विस्थापन हेतु किए जा रहे प्रबंधों का जायजा लिया है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता को परियोजना प्रबंधक ने बताया कि योजना से कुल 4183 हेक्टेयर भूमि डूब प्रभावित हो रही है जिसमें कुल 44 ग्राम जिला सागर एवं विदिशा के प्रभावित हो रहे हैं। विदिशा जिले के 9 ग्रामों में पुनर्वास एवं विस्थापन का कार्य किया जा रहा है जिसमें प्रभावित परिवारों की संख्या 1157 हैं, वहीं सागर में कुल 7 ग्रामों में पुनर्वास विस्थापन का कार्य किया जा रहा है। यहां प्रभावित परिवारों की संख्या 967 हैं। विदिशा जिले के प्रभावितों को ग्राम जाजोन में विस्थापन हेतु किए जा रहे कार्य एवं आवास बनाने के लिए आवंटित भूमि तथा प्रदाय सुविधाओं के साथ-साथ अन्य तमाम बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति के संबंध में जानकारी सांझा की गई है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने विस्थापन क्षेत्रों में गौ शाला के निर्माण पर बल देते अब तक बनाई गई आंगनबाड़ी, स्कूल स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। परियोजना प्रबंधक ने हनोता सिंचाई परियोजना के बांध की कुल लंबाई, मिट्टी बांध की कुल लंबाई, पक्के बांध की कुल लंबाई, बांध की उंचाई, टीबीएल, एम डब्ल्यूएल, एफआरएल, केचमेंट एरिया,कुल जल भराव क्षमता, जीवित जल भराव क्षमता, गेटों की संख्या तथा कुल डूब क्षेत्र भूमि की जानकारियों से अवगत कराया है।

### हर जरूरतमंद को मिले मदद, कोई ना हो परेशान – कलेक्टर

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने पठारी क्षेत्र का दौरा कर हनोता बांध वृहद परियोजना, इंटेक और निर्माणाधीन कॉलोनियों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें बेहतर से बेहतर कार्य करने की समझाईश दी। पात्र हितग्राहियों और जरूरतमंदों को हर संभव मदद देने की बात कही। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता और जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया ने अधिकारियों के साथ पठारी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने हनोता बांध बृहद परियोजना की विस्थापित कॉलोनी का निरीक्षण किया। जिसमें ग्राम जाजपोन की कॉलोनी में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, मंदिर, खेल परिसर, सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, अस्पताल, विद्युत व्यवस्था, बस स्टैंड, पार्क सहित मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने 300 परिवार वाली कॉलोनी में अनेक व्यवस्थाओं में सुधार करने की समझाईश दी। जिसमें जल निगम द्वारा पेयजल व्यवस्था में सुधार करने की बात कही। वहीं मंदिर के परिसर को बढ़ाने एवं बेहतर सड़के और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के सख्त निर्देश दिए।

### ग्रामीणों से हुए रूबरू कलेक्टर

क्षेत्र भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता प्रधानमंत्री जनमन बस्तियों में पहुंचे। जहां सहरिया समुदाय के परिवारजनों से संवाद किया एवं छोटे बच्चों से आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूल की पढ़ाई के विषय में चर्चा की। कलेक्टर बच्चों के जवाब से संतुष्ट नजर आए वही धन सिंह सहरिया और युवाओं से भी उन्होंने चर्चा कर आत्मनिर्भर होने के लिए लोन मुहैया कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और तत्काल मौके पर निराकरण किया। इंदिरा आवास कॉलोनी में प्रधानमंत्री जनमन नवीन आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाएगा। निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। बेहतर से बेहतर कार्य करने की समझाईश दी। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

### पंचकल्याणक महोत्सव में पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता पठारी के समीपस्थ ग्राम सैदपुर में 28 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव में अन्य अधिकारियों के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज को फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया व सैदपुर में बनाई जाने वाली विख्यात पाषाण मूर्तियां का अवलोकन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा बकायादारों की दुकानों पर लगाये गए ताले

**खण्डवा (निप्र)।** निकाय अधिपत्य वार्ड क्रमांक 7 गजानन आश्रम के सामने की 13 दुकानों को ई-नीलामी के माध्यम से नगर परिषद ओंकारेश्वर के द्वारा नीलाम किया गया। जिसमें से कुछ दुकानदारों के द्वारा निकाय में संपूर्ण राशि जमा नहीं कराए जाने पर श्री संजय गीते मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ओंकारेश्वर के निर्देश पर ताले लगाए गए। जिन दुकानदारों द्वारा राशि जमा नहीं की गई, उनमें श्री मोहित पिता राकेश यादव निवासी सनावद दुकान क्रमांक 4, श्रीमति प्रियंका पति अक्षय अरझरे निवासी सनावद दुकान क्रमांक 8, प्रभात पिता श्यामलाल उपाध्याय निवासी सनावद दुकान क्रमांक 9 एवं 10 तथा श्रीमति सुगंधी देवी पति राम नरेश साहनी निवासी ओंकारेश्वर दुकान क्रमांक 16 हैं। साथ ही दुकानों में ताले लगाए जाने की कार्रवाई के बाद मोहित पिता राकेश यादव द्वारा दुकान क्रमांक 4 गजानन आश्रम के सामने की राशि 7 लाख रूपए एवं दुकान क्रमांक 16 क्षा बस स्टैंड सुगंधी देवी पति रामनरेश साहनी के द्वारा राशी 3 लाख 5 हजार 375 रूपए जमा किये गए। इस प्रकार कुल राशी रुपए 10 लाख 5 हजार 375 रूपए जमा करने के उपरांत दुकान क्रमांक 4 एवं दुकान क्रमांक 16 के ताले खोले गए।

### 31 मई को ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' का आयोजन होगा

**धार (निप्र)।** आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय भोपाल के निर्देषानुसार पूर्व वर्ष के समान इस वर्ष भी 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मद्यपान तथा मादक पदार्थों, नशीली दवाईयों, पूर्व वर्ष के समान इस वर्ष भी विश्व तम्बाकू शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने हेतु, नशामुक्ति के लिये जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएंगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं एवं बच्चों को तम्बाकू से बने उत्पादों के सेवन में होने वाली गम्भीर बीमारियों जैसे कैसर टीव्ही, हृदय रोग आदि से बचाव करने के लिये जन जागरुकता लाना हैं।

### कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने किया स्ट्रांगरूम का निरीक्षण

**इन्दौर (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने आज बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित निर्वाचन भवन में स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र रघुवंशी, श्री मनोहर मेहता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### वाहनों की चेकिंग में 04 वाहन जप्त 9000 रूपये शमन शुल्क वसूला

**शाजापुर (निप्र)।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर, अकोदिया व सलसलाई क्षेत्र में स्कूली वाहन, बस, मैजिक, ऑटो एवं अन्य वाहनों की सघन चेकिंग की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फाइटर, फर्स्ट एड बॉक्स आदि चेक किए गए। इसके साथ ही 04 वाहनों को जप्त किया जाकर पुलिस थाना की अभीरक्षा में रखा गया एवं 9000 रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की गई।

### रेटिनोब्लास्टोमा की जागरुकता के लिए कार्यशाला सम्पन्न

**खण्डवा (निप्र)।** रेटिनोब्लास्टोमा जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से केनकाईड्स संस्था द्वारा आकांक्षी जिलों में जागरुकता गतिविधिया के तहत् 28 मई बुधवार को होटल रॉयल इन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नेत्र रोग विषेषज्ञ, बी.एम.ओ., नेत्र सहायक, बी.सी.एम., सी.एच.ओ. मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एन.के.सेठिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी एवं आषा सुपरवाइजर उपस्थित थे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि रेटिनोब्लास्टोमा एक प्रकार का आंख का कैंसर है जो विशेषकर बच्चों में 5 वर्ष तक होता है। सी.एच.ओ. एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से ऐसे लक्षण वालें बच्चों की पहचान कर नेत्र रोग विशेषज्ञों तक पहुंचाया जाये ताकि समय पर ऐसे बच्चों का उपचार किया जा सकें।

# आईटी. पार्क-4 और प्लग एण्ड प्ले परियोजना की प्रगति की हुई समीक्षा

### औद्योगिक क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स, रेडीमेड कॉम्पलेक्स और नमकीन क्लस्टर का किया भ्रमण




**इन्दौर (निप्र)।** एम.पी.आई.डी.सी. के कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति द्वारा औद्योगिक क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स, रेडीमेड कॉम्पलेक्स और नमकीन क्लस्टर का भ्रमण किया गया एवं प्लग एण्ड प्ले पार्क तथा आई.टी. पार्क-4 के विकास कार्य की समीक्षा की गई। श्री प्रजापति द्वारा रेडीमेड गारमेन्ट कॉम्पलेक्स, परदेशीपुरा में 167 करोड़ रूपये की लागत से विकसित किए जा रहे बहुमंजिला भवन प्लग एण्ड प्ले पार्क के विकास कार्यों की समीक्षा की गई और निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस पार्क में 184 प्रोडक्शन यूनिट, 94 सेल्स ऑफिस एवं 48 छोटी दुकानें विकसित की जा रही हैं, जिनमें क्षेत्र की महिलाओं हेतु रोजगार के नवीन अवसर उत्पन्न होंगे। यह अपने तरीके का प्रदेश का पहला बहुमंजिला रेडीमेड गारमेन्ट पार्क होगा। विजिट के दौरान उनके द्वारा रेडीमेड कॉम्पलेक्स की गारमेंट इकाई का भी दौरा किया गया एवं वहां कार्य कर रही महिलाओं से कार्य संस्कृति एवं परिवेश के बारे में चर्चा की गई। इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स, परदेशीपुरा में 42 करोड़ रूपये की लागत से विकसित हो रहे आई.टी. पार्क-4 के विकास कार्य की समीक्षा भी श्री प्रजापति द्वारा की गई। यह भवन लगभग पूर्ण होने पर है। विकासकर्ता एजेंसी को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस भवन के मूल्य का अनुमोदन एम.पी.आई.डी.सी. को प्राप्त हो चुका है। शीघ्र ही यह भवन बुकिंग हेतु उपलब्ध कराया जायेगा, जिसकी तैयारी एम.पी.आई.डी.सी. ने प्रारंभ कर दी है। निवेशकों को भवन के बारे में जानकारी प्रदान करने एवं साईट विजिट के लिए शीघ्र ही कैम्प लगाया जायेगा। इस पार्क में लगभग 1500 रोजगार के नवीन अवसर सृजित होने की संभावना है। श्री प्रजापति द्वारा नमकीन क्लस्टर में कार्यरत इकाईयों का भी भ्रमण किया गया। नमकीन क्लस्टर में कार्यरत इकाईयों की ओर से नमकीन क्लस्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विपिन जैन द्वारा क्षेत्र में एम.पी.आई.डी.सी. द्वारा किए गए विकास की सराहना करते हुए अपनी मांगें रखी गई, जिसमें कि वेस्ट वॉटर रिसाइकल प्लांट को कवर किए जाने तथा नमकीन निर्माण हेतु आर.ओ. वॉटर प्लांट के माध्यम से फिल्टर वॉटर उपलब्ध कराने एवं सावेर रोड़ से क्षेत्र तक के पहुँच मार्ग पर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था किए जाने का अनुरोध किया गया। जिसकी स्वीकृति श्री प्रजापति द्वारा तुरंत प्रदान करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया गया। नमकीन एसोसिएशन द्वारा नमकीन क्लस्टर में टेस्टिंग लैब की स्थापना हेतु स्थान की मांग की गई, जिसे भी श्री प्रजापति द्वारा तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्मित भवन में स्थान चयन करने हेतु एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं एम.पी.आई.डी.सी. के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया। व्यापारियों द्वारा श्री प्रजापति को अवगत कराया गया कि कई और निवेशक नमकीन क्स्कोटर में अपना उद्योग स्थापित करना चाहते हैं तथा वर्तमान में कार्यरत कुछ इकाईयाँ एक और यूनिट स्थापित करना चाहती हैं। शहर को एक और नमकीन क्लस्टर की आवश्यकता है, जिसकी स्थापना हेतु एम.पी.आई.डी.सी. शीघ्र प्रवास करें तो निवेशकों को तथा प्रदेश को लाभ प्राप्त हो सकेगा। श्री प्रजापति द्वारा उद्योगपतियों से चर्चा करते हुए वह आश्वस्त किया गया कि जो बहुमंजिला भवन नमकीन क्लस्टर में विकसित हैं, उन्हें शीघ्र ही लीज पर प्रदान किए जाने हेतु लंबित प्रस्ताव का निराकरण हेतु लेख किया जायेगा।

# अंतरराष्ट्रीय महावारी दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित




**खण्डवा (निप्र)।** श्री दादाजी धूनी वाले जिला चिकित्सालय खंडवा में अंतरराष्ट्रीय महावारी दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान डॉ. शिक्षा सिसोदिया स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि यह दिवस मनाने का उद्देश्य मासिक धर्म के बारे में जागरूकता और स्वच्छता को बढ़ावा देने में मदद करता है, मासिक धर्म को लेकर सामाजिक चुप्पी, रूढ़ियों, और भ्रांतियों को समाप्त करना और पीरियड फैमिली फ्रेंडली एनवायरनमेंट का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि इस दिवस के माध्यम से यह प्रयास किया जाता है कि एक ऐसा समाज निर्मित हो जहां माहवारी या मासिक धर्म को लेकर कोई शर्म ना हो और हर व्यक्ति को सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच स्वच्छ उत्पाद और समुचित जानकारी उपलब्ध हो, इससे न केवल महिलाओं का आत्म सम्मान बढ़ता है बल्कि शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक रूप से स्वस्थ जीवन शैली भी अपना पाती है। डॉ. बरखा कोचले स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा वर्ष 2025 की वैश्विक थीम ''महावारी (मासिक धर्म) अनुकूल विश्व के लिए एक साथ'' यह थीम इस बात पर बल देती है, कि माहवारी (मासिक धर्म) के प्रति जागरूकता कोई अकेले लड़ी जाने वाली लड़ाई नहीं है, इसके लिए पूरे समाज, परिवार, विद्यालयों, संस्थाओं और स्वास्थ्य तंत्र को मिलकर कार्य करना आवश्यक है। मासिक धर्म चक्र 28 दिवस का होता है मासिक धर्म के दौरान सही साफ सफाई न रखने से कई तरह के संक्रमण और स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि यह एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है लेकिन कई लड़कीयों और महिलाओं को इसके बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होती है इसके लिए शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में इंटर्न, मेट्रन माया पास्कल, नर्सिंग ऑफिसर निकिता भास्कले, दीपमाला, रंजीता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने खालवा ब्लॉक में ली समीक्षा बैठक

**खण्डवा (निप्र)।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री विवेक पांडेय द्वारा खालवा ब्लॉक में जनजातीय कार्य विभाग के सभी संकुल प्राचार्य, बी.आर.सी ,बी.ए.सी की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें जाति प्रमाण पत्र, प्रोफाइल पंजीयन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का कार्य मई माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक संचालक श्री नीरज पाराशर, क्षेत्र संयोजक श्री प्रमोद काशीकर उपस्थित थे।

# संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत की बैठक सम्पन्न

### सियागंज व्यावसायिक परिसर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर, हुकुमचंद मिल की भूमि पर आवासीय योजना प्रस्तावित



**इन्दौर (निप्र)।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत की बैठक आज संभागायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में हाउसिंग बोर्ड के डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर श्री प्रबोध पारले, एक्जीक्यूटीव इंजीनियर श्री आनन्द जैन, श्री एम.एल. धाकसे सहित संभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि सियागंज क्षेत्र में करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से व्यवसायिक परिसर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। हुकुमचंद मिल की 7 हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य एवं आवासीय योजना प्रस्तावित है, जिसकी लागत 200 करोड़ रुपये है। इस योजना के लिए वास्तुविद् की नियुक्ति की जा चुकी है। 50 वर्ष से अधिक पुरानी एमआईजी कॉलोनी और वहीं पर स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स का पुनर्घनत्वीकरण के कार्य होना है। इसमें श्री वैष्णव पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, आईटीआई संस्थान इंदौर शामिल हैं। इसके अलावा आलीराजपुर में रेस्ट हाउस, झाबुआ में जनपद कार्यालय, धार में पीडब्ल्यूडी कार्यालय एवं डाक बंगला, मनावर तहसील में कर्मचारियों के आवास गृह, बड़वानी में इंद्रजीत छात्रावास परिसर, खरगोन में लोक निर्माण और कसरावद में पुराना तहसील कार्यालय आदि शामिल है। बैठक में बताया गया कि पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत इंदौर के एमआईजी कॉलोनी एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स एवं नेहरू नगर को शामिल किया गया है। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवासीय व्यावसायिक निर्माण योजनाओं में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाये।

भवनों के ऊपर सौर ऊर्जा के पैनल लगाये जाये, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग और रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग लगायी जाये। सभी आवासीय और व्यावसायिक भवनों की तल मंजिल की जगह को पार्किंग के लिए रखी जाये। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में शासकीय कर्मचारियों के आवास के लिये सिविल लाइन बनायी जाये, इसके लिये 10 से 20 हेक्टेयर भूमि आरक्षित रखी जाये। बैठक में श्री सिंह ने कहा कि पुनर्घनत्वीकरण योजना से परिसरों और संस्थानों की तस्वीर बदल जायेगी। इससे इन संस्थानों की कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी। जीर्ण-शीर्ण हो चुके आवासीय संकुल और व्यावसायिक परिसरों का पुनः निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है। बैठक में अधिकारियों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे।

उल्लेखनीय है कि इन परियोजनाओं के प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन (पीपीआर) अनुमोदन किया गया है और इन्हें अंतिम स्वीकृति हेतु राज्य स्तरीय साधिकार समिति को भेजा जायेगा।

# चौबीस खंबा मार्ग आगामी सोमवार से वन वे किया जाएगा

### मुख्य मार्गों के बीच जहां कहीं भी अनाधिकृत रुप से कट पाए जाते हैं उन्हें तुरंत बंद किया जाए-कलेक्टर श्री सिंह



**उज्जैन (निप्र)।** बुधवार को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुराने शहर में यातायात प्रबंधन की दृष्टि से आगामी सोमवार से चौबीस खंबा माता मंदिर से हरसिध्दि पाल तक जाने का मार्ग और वहां से गुदरी चौराहा तक कहारवाडी से आने का मार्ग प्रातः 9 बजे से रात्री 10 बजे तक वन-वे किया जाएगा। बैठक में विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। इस दौरान एमपीआरडीसी , एनएचएआई,पीएमजीएसवाय के द्वारा बनाये गए मार्गो पर चिन्हीत किए गए ब्लेक स्पॉट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी ब्लेक स्पॉट के आस पास चेतावनी के संकेतक अनिवार्य रुप से लगाए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहां कि मुख्य मार्गो के बीच जहां कहीं भी अनाधिकृत रुप से कट पाए जाते हैं उन्हें तुरंत बंद किया जाए। एमपीआरडीसी और एनएचएआई के द्वारा यह कार्यवाही की जाना अनिवार्य रुप से सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रो में बने मार्गो का दुरुस्तिकरण पीएमजीऐसवाय के द्वारा शीघ्र करवाया जाए। सभी मार्गो पर अनिवार्य रुप से संकेतक लगाए जाएं। मार्गो पर ब्लींकर्स, केट आई व अन्य संकेतक व्यवस्थित रुप से संचालित होते रहें। सड़क के समीप झाडियों और टहनियों की छंटनी करवाई जाए।

आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जहां भी छोटें पुल या रपटें हैं, जिन पर बारिश के दौरान पानी उपर से बहता है उनके पहले चेतावनी के साईन बोर्ड अनिवार्यतः लगाए जाए ताकि कोई भी दुर्घटना ना हो। कलेक्टर श्री सिंह ने आरटीओ को निर्देश दिए कि वाहन पोर्टल पर जिले में स्थित वाहनों की फिटनेस और इन्श्योरेन्स से संबंधित जानकारी अपडेट की जाए। भारी वाहनों के चालकों और परिचालकों की आँखों की जांच के लिए हर महिने शिविर लगाए जाएं। साथ ही उनका प्रशिक्षण भी आयोजित कराया जाए। बैठक में सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल लोगों की सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन्स को पुरस्कृत किए जाने पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हुए लोगों और दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को सहायता राशी का भुगतान शीघ्र अतिशीघ्र करवाया जाए। ट्रेक्टर-ट्राली पर रेडीयम की पट्टी लगाई जाने पर चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आरटीओ को मंडी सचिव से समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए।

# आयुष्मान भारत योजना के तहत रीना को हुई सभी सुविधा निःशुल्क प्राप्त



**खण्डवा (निप्र)।** रीना पति उमेश उम्र 22 वर्ष पता अंजनिया खुर्द पुनासा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर होकर श्री दादाजी धूनीवाले सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में 21 मई को लगभग शाम 6:00 बजे आई थी। उसे ड्युटी डॉ. नेहा शर्मा ने अटेंड किया। जाँच के दौरान पता चला कि महिला का बी.पी. 200/120 और पूरे शरीर में अत्यधिक सूजन थी। इसके अलावा डिलीवरी के पूर्व झटकों के संकेत भी थे एवं स्थिति गंभीर थी। माँ तथा बच्चे दोनों की जान को खतरा था। 22 मई को शाम लगभग 8 बजे तुरंत आपातकालीन ऑपरेशन का फैसला लिया। निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. मंदाकिनी, डॉ. आनंद एवं डॉ. रसना एवं विनीता द्वारा सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया, जिसमें बेटे ने जन्म लिया, जिसका वजन 3 किलो है। महिला को जैसे ही एच.डी.यू. वार्ड में शिफ्ट किया, तो वार्ड की इंचार्ज अंजलि काजले द्वारा महिला की कंडीशन देखी। महिला को अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था तथा घबराहट के साथ उल्टियाँ भी हो रही थी एवं अत्यधिक रक्तस्राव के कारण ब्लड प्रेशर 70/40 हो गया था। उन्होंने तत्काल तत्परता दिखाई और डॉ. लक्ष्मी डूडवे को सूचना दी। डॉ. लक्ष्मी डूडवे स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. कोमल छाबड़ा एवं पूरी टीम द्वारा तुरंत जटिलताओं का प्रबंधन किया। रिश्तेदारों के सहयोग से खून व्यवस्था की। मरीज को 7 यूनिट खून एवं सफेद खून की 7 बोतल चढ़ाई तथा लगातार वेंटिलेटर पर रखकर पूरी टीम द्वारा निगरानी की, जिसके फल स्वरुप स्थिति में सुधार होने लगा और धीरे-धीरे मरीज को होश आने लगा। अब मरीज सामान्य है तथा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती है। पति उमेश द्वारा बताया कि जब यहां पर पत्नी को लेकर आया था उसका बीपी अत्यधिक बढ़ा हुआ था और पूरे शरीर में अत्यधिक सूजन थी और झटके भी आ रहे थे। यहाँ पर डॉक्टरों की टीम द्वारा मेरी पत्नी का समय पर अच्छा इलाज किया। उसको खून की बोतल चढ़ाई, जिसकी वजह से मेरी पत्नी की जान बची। हमें उम्मीद नहीं थी लेकिन डॉ. लक्ष्मी डूडवे, डॉ. कोमल छाबड़ा, इमरजेंसी वार्ड की इंचार्ज अंजलि काजले, नर्सिंग ऑफिसर दीपिका, सुलोचना एवं पूरी टीम की तत्परता और सूझबूझ से मेरी पत्नी और बच्चे की जान बचाई। हमें आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी सुविधा निःशुल्क प्राप्त हुई हैं। अभी पत्नी एवं बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

### कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने 100 रुपये व उससे अधिक की अचल संपत्ति की नोटरी किए जाने पर लगाया प्रतिबंध

**इन्दौर (निप्र)।** विधिक प्रावधानों एवं शासकीय निर्देशों का पालन कराने हेतु इन्दौर जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत 100 रुपये व उससे अधिक की अचल सम्पत्ति की नोटरी किये जाने से जन-सामान्य को उत्पन्न होने वाली परेशानियों की रोकथाम एवं अवांछनीय गतिविधियों के निवारण के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163(1)(2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार इन्दौर जिले में 100 रुपये व उससे अधिक की अचल सम्पत्ति की नोटरी किये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। यदि किसी नोटरी द्वारा ऐसा कृत्य किया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही करने के साथ ही नोटरी लायसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की अनुशंसा की जायेगी तथा अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जायेगी। सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक, वरिष्ठ उप पंजीयक, उप पंजीयक, जिला इन्दौर अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पुलिस के थाना प्रभारी, पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी, उक्त आदेश का पालन एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। जो भी व्यक्ति अथवा संगठन उक्त आदेश का उल्लंघन करेगा, उसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के दण्डात्मक प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश दिनांक 28 मई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक की अवधि में प्रभावशील रहेगा।

प्रायः यह देखने में आता है कि कुछ लोगों द्वारा अचल सम्पत्ति को रजिस्ट्री के आधार पर क्रय-विक्रय न करते हुए नोटरी के आधार पर क्रय-विक्रय कर लिया जाता है। इस प्रकार के छल-कपट में भोली-भाली जनता, जिन्हें नियम कानूनों का ज्ञान नहीं है फंस जाते है, धोखाधड़ी का शिकार होते है तथा बाद में परेशानी उठाते है। इस प्रकार के नोटरी के आधार पर पंजीकृत दस्तावेजों का कोई कानून अस्तित्व नहीं होने से अनावश्यक कठिनाईयां पैदा होती है। कई बार देखने में आता है कि व्यक्ति अपनी जीवन की पूरी कमाई या कर्ज आदि लेकर अचल सम्पत्ति क्रय करते हैं तथा उसकी विधिवत रजिस्ट्री न करवाते हुये पैसे बचाने के लालच में नोटरी के आधार पर अचल सम्पत्ति क्रय कर लेते है, जिससे एक तरफ शासन को राजस्व की हानि होती है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार के दस्तावेजों का कोई वैधानिक अस्तित्व नहीं होने से क्रेता का कोई स्वामित्व भी निर्धारित नहीं होता है।

# असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए जून माह में 12 संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप शिविर के आयोजन होंगे

**हीमोग्लोबिन, ईसीजी, उच्च रक्तचाप, शुगर, चेस्ट एक्स-रे, मेमोग्राफी आदि की होगी निःशुल्क जाँचें**

### संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**इन्दौर (निप्र)।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में आज संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाराजा यशवंतराव अस्पताल के डीन डॉ. अरविन्द घनघोरिया, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. शौजी जोसफ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक श्री अरविन्द सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के श्री आर.एस. चौहान, श्री अरविन्दो अस्पताल के एमडी डॉ. आदित्य चौरसिया, एआरटीओ श्री राजेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूर्णिमा गड़रिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने बताया कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के दिशा में एक नई पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन और अरविन्दो अस्पताल के संयुक्त प्रयासों से आगामी जून माह में जिले में 12 स्थानों पर संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया जायेगा। ये शिविर नेहरू पार्क रोड़, बाणगंगा, राजेन्द्र नगर, नंदा नगर, निपानिया, गुमाश्ता नगर, बिचौली हप्सी, आजाद नगर, धार रोड़ आदि स्थानों पर आदि स्थानों पर 5 जून से लेकर 30 जून तक आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें उपलब्ध करायी जायेगी। जिसमें सीबीसी, ईसीजी, फायब्रो स्केन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेसर, लीवर, मेमोग्राफी, पेपस्मेयर, काल्पोस्कोपी, मोतियाबिंद आदि की निःशुल्क जांचे शामिल है। आवश्यकता होने पर उपचार भी मुहैया कराया जायेगा। शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी जो नागरिक को मुफ्त परामर्श, परीक्षण तथा आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध करायेंगी। अरविंदो अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर शिविर में मौजूद रहकर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श देंगे और आवश्यकता के अनुसार उपचार भी करेंगे। शिविरों में अत्याधुनिक मशीनों से जांचे की जायेंगी। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप शिविर कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन हेतु शिविर में आने वाले नागरिकों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये।

शिविर स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, अस्थायी टायलेट आदि की व्यवस्था की जाये। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। इस पहल का उद्देश्य न केवल आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं देना है, बल्कि उन्हें समय रहते रोगों की पहचान और रोकथाम में भी मदद पहुंचाना है।

# 12 जून तक आयोजित की जा रही है विकसित कृषि संकल्प अभियान यात्रा

### किसानों को दी जाएगी उन्नत एवं प्राकृतिक खेती जानकारी, 135 ग्रामों में होंगे यात्रा के पड़ाव, सांसद एवं कलेक्टर ने यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना, समूची यात्रा में कृषि वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ अधिकारी रहेंगे मौजूद, जिले के उन्नतकृषकों की भी होगी भागीदारी

**राजगढ़, निप्र।** जिले में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा का उद्देश्य प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करना। विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को अवगत करना। मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एस.एच.सी) तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित करना। किसानों से फीडबैक लेना जिससे कि उनके द्वारा किए गए नवाचारों के बारे में वैज्ञानिक तकनीक सीख सकें एवं उसके अनुसार अनुसंधान की दिशा का निर्धारण कर सकें।

गुरूवार कोसांसद श्री रोडमल नागरएवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने इस यात्रा को झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद श्री नागर ने संबोधन में कहा कि यह यात्रा जिले के किसानों के लिए एक अवसर है। जिसका उन्हें लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती से जोड़ने के प्रयास किए जाए। उनको पशु पालन, उद्यानिकी जैसे क्षेत्रों में बढ़ने के लिए अग्रसर किया जाए।फसल चक्र में बदलाव के फायदे की जानकारी दी जाए। माईक्रो इरीगेशन फायदों की तरफ किसानों का ध्यान आकृष्ट किया जाए। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के प्रति किसानों को हतोत्साहित किया जाए। यात्रा के दौरान किसानों को सही दिशा में उन्नत खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा का समापन मोहनपुरा बांध पर कियाजाए एवं किसानों को बताया जाए कि जिले में सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता से कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व आर्थिक बदलाव आया है। सांसद ने कहा कि इस दौरान उन्नत कृषकों को भी यात्रा में शामिल किया जाए।



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि यात्रा को कृषकोपयोगी बनाने के लिए कृषि वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञअधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा के दौरान उपलब्ध रहें। डीएपी के उपयोग की तरफ किसानों का रूझान कम किया जाए। यात्रा में इफ्को के अधिकारियों को सम्मिलित किया जाए एवं नेनो यूरिया जैसे उत्पादों से फायदे की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही मृदा परीक्षण,माइक्रो इरीगेशन एवं उद्यानिकी खेती के लाभों से भी कृषकों को अवगत करया जाए। प्रत्यके क्षेत्र में वहां के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी का मोबाईल नंबर कृषकों को जरूर उपलब्ध कराया जाए,ताकि किसान आवश्यकता पड़ने पर उक्त अधिकारी से संपर्क कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में मिलावटी दूध की रोकथाम के लिए कड़ाई से कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. भूपेन्द्र खांडवे ने बताया कि यात्रा के दौरान उन्नत तकनीकों, नई किस्मों के बारे में किसानों के बीच जागरूकता, कृषि ड्रोन प्रोद्योगिकी का प्रदर्शन, धान की सीधी बुवाई, सोयाबीन की फसल में मशीनीकरण एवं विभिन्न फसलों में संतुलित खादों के प्रयोग के लिए किसानों को जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाएगा। एनपीके के उपयोग बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही प्राकृतिक खेती के फायदों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। एग्रीस्टेक पर किसानों का पंजीयन, पराली प्रबंधन, तिलहन और दलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देना और शासकीय योजनाओं के बारे में किसानों को बीच जागरूकता पैदा करना भी यात्रा का उद्देश्य होगा। यह यात्रा जिले के 06 विकासखंडो के 135 गांवों में भ्रमण करेगी। जिसका विधिवत रूट चाट तैयार किया गया है। यात्रा का प्रतिदिन सघन मानिटरिंग की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

## शनि जयंती पर शनिदेव का किया श्रृंगार



**राजगढ़ , निप्र।** भगवान शनि देव का जन्मोत्सव नगर और आसपास के क्षेत्रों में मनाया गया। माही तट स्थित नवग्रह शनि मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह 6 बजे भगवान शनि देव का तेल से अभिषेक किया। इसके बाद महाआरती हुई। महाप्रसादी का आयोजन भी किया। शाम को महाआरती में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान शनि देव का आकर्षक श्रृंगार किया। शाम चार बजे से भंडारा शुरू हुआ। देर शाम तक चला। इसमें करीब पांच हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ली। रात 9 बजे महाआरती उतारी गई। मंदिर समिति के राजा सेठ, मुकेश माहेश्वरी, प्रवीण जैन गुरु और निलेश सोनी ने बताया कि सुबह से रात तक आयोजन चलते रहे। गौरतलब है कि शनि मंदिर करीब चार सौ साल पुराना है।

## मोटर के पास बैठे सांप ने किशोर को डंसा, मौत

**राजगढ़/सारंगपुर, निप्र।** ग्राम दुगिया में घर में लगी पानी की मोटर चालू करने गए 14 वर्षीय किशोर को सांप ने डस लिया। इससे किशोर की तबीयत बिगड़ी। परिजन ने किशोर को बचाने के लिए जतन किए, लेकिन उसकी मौत हो गई। एसआई बीएस ठाकुर ने बताया ग्राम दुगिया में 14 वर्षीय यश पिता अरविन्द पालीवाल अपने घर में पानी की मोटर चालू करने गया था। यश ने मोटर चालू की तो वहां पहले से बैठे सांप ने उसे डंस लिया। सांप के डंसने से यश की चीख निकल गई। परिजन दौड़कर वहां पहुंचे। सांप को देखकर यश को लेकर सारंगपुर सिविल अस्पताल आए। तमाम जतन के बाद भी यश को बचाया नहीं जा सका है।

## नाली खुदाई का मलबा 8 दिनों से सड़क पर पड़ा

**राजगढ़, निप्र।** नगर परिषद ठेकेदार ने करीब 8 से 10 दिन पहले गवली समाज मंदिर के सामने नाली बनाने के लिए खुदाई करवाई थी। नाली तो बना दी गई, लेकिन खुदाई का मलबा अब तक सड़क पर ही पड़ा है। इससे राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। समीप के वार्ड निवासी राजू जोशी ने बताया कि इस मार्ग पर दिनभर यातायात रहता है। सड़क पहले से ही सकरी है। मलबा हटाया नहीं गया, जिससे वाहन निकालने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मलबा हटाया जाना चाहिए। नाली के सामने एक और सकरी गली है। इसी गली से सुबह के समय कचरा गाड़ी निकलती है। चालक को मलबे के कारण वाहन निकालने में परेशानी हो रही है।

## आदर्श गांव जाखली में संस्कार केन्द्र का शुभारंभ

**राजगढ़/सुसनेर, निप्र।** बुधवार को सुसनेर विकासखंड के आदर्श गांव जाखली में संस्कार केंद्र की शुरुआत हुई। यह केंद्र मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित है। पहले दिन बच्चों के लिए मनोरंजन के कई खेल कराए गए। प्राथमिक शिक्षा पर चर्चा भी हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने जल संरक्षण की शपथ ली। यह शपथ मध्यप्रदेश सरकार के 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दिलाई गई। कार्यक्रम में परामर्शदाता राकेश बिकुन्दीया, मुकेश पटेल, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी शुभम जैन, प्रांशी पांडे, अर्पिता शर्मा, माया पुष्पद, ज्योति माली, सन्तोष जादमे और नवांकुत मौजूद रहे। नगर विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इससे पहले गांव में दीवार लेखन, साफ-सफाई और श्रमदान जैसे कार्यक्रम हो चुके हैं।



## नवनिर्मित मंदिर में सामन महाराज शिव-परिवार की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

**राजगढ़/जामोनिया गणेश, निप्र।** गांव में मंडलावदिया परिवार द्वारा बनवाए गए नए मंदिर में गुरु भगवान सामन महाराज और शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यह धार्मिक आयोजन तीन दिन चला।

यज्ञाचार्य नंदकिशोर नागर ने एक कुण्डीय महायज्ञ में विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा करवाई। तीन दिनों तक मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम हुए। सुंदरकांड पाठ और भजनों का आयोजन हुआ। महायज्ञ की पूर्ण आहुति के बाद कन्या और ब्राह्मण भोज कराया गया। इसके बाद प्रसादी वितरण हुआ।

इस आयोजन में हरिप्रसाद नेताजी, रामगोपाल चंद्रवंशी, कांता प्रसाद चंद्रवंशी, दुर्गाप्रसाद चंद्रवंशी, प्रेमनारायण सेकेट्री, विष्णुप्रसाद चंद्रवंशी, युवा नेता बनवारी चंद्रवंशी, गजराज चंद्रवंशी और पूरा मंडलावदिया चंद्रवंशी परिवार मौजूद रहा।

## पेड़ पर संदिग्ध स्थिति में लटका मिला अधेड़

**राजगढ़/सुठालिया, निप्र।** मधुसूदनगढ़ रोड स्थित खनोटा गांव के नजदीक हाइवे से 100 मीटर भीतर एक पेड़ पर अधेड़ व्यक्ति फंदे से लटका मिला। इसकी जानकारी सड़क से गुजरने वाले राहगीरों ने पुलिस को दी। थाना प्रभारी प्रवीण जाट व एसआई कर्मवीर सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां उनको मामले को समझते हुए इसकी जानकारी एसडीओपी प्रकाश शर्मा को दी गई तो वे भी मौके पर पहुंचे। पुलिस जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सुठालिया के वार्ड 5 निवासी इंदर सिंह (60) पुत्र बापूलाल सौंधिया के रूप में हुई है। प्रथम जानकारी में सामने आया कि, मृतक रात में घर पर ही सोया था वह सुबह 4 बजे घर से निकला व मोबाइल घर ही छोड़ दिया और अपने घर से 2 किमी दूर एक पेड़ पर फंदे पे लटका मिला। जिसकी जानकारी पुलिस को करीब 9 बजे मिली। मृतक कीच साल पहले ही सुठालिया में रहने लगा था, इसके पहले वे भाटपुरा का निवासी था। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक का घर के ऊपर निजी फाइनेंस कंपनी से लोन ले रखा था। जिसकी किश्ते ओवरड्य हो गई थी, कंपनी के कर्मचारी 2 दिन पहले याने सोमवार को घर पर आकर चिल्लाचोट करके गए थे, साथ ही घर मे ताला लगाने की धमकी भी दी थी। इस धमकी के बाद वे तनाव में था।

## राजगढ़ में किराना दुकान से चोरी का खुलासा, 3 गिरफ्तार

### आरोपियों के पास से चोरी का सामान और 80 हजार की मोटरसाइकिल जब्त



**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा पुलिस ने किराना दुकान से चोरी के मामले में बुधवार को 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना संडावता गांव में 16 मई की है। दुकानदार कमल बैरागी की दुकान से चोर 10 हजार रुपए नकद और पान मसाला समेत कुल 50 हजार रुपए का सामान चुरा ले गए थे।

### चोरी के सामान के साथ 80 हजार की मोटरसाइकिल जब्त

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि चोरी का सामान अंबावता निवासी हेमराज मालवीय को बेच दिया है। पुलिस ने हेमराज को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी के सामान के अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई 80 हजार रुपए की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है।थाना छापीहेड़ा में तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(इ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सीसीटीवी के आधार पर 3 गिरफ्तार

एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देश पर स्पेशल टीम का बनाई गई। टीआई सुनील केवट के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर तकनीक की मदद से जांच की। इस दौरान छापीहेड़ा निवासी दीपक गुर्जर और नगपुरिया निवासी अजय मालवीय को गिरफ्तार किया गया।

## नरसिंहगढ़ में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

### 12 जोड़े वैदिक रीति से विवाह सूत्र में बंधे, विधायक मोहन शर्मा ने दी शुभकामनाएं




**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ के नरसिंहगढ़ नगर के मेला मैदान में मंगलवार को मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जिला संगठन के बैनर तले सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजन में समाज के 12 नवयुगल वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे गणेश पूजन और अजमीढ़ जी महाराज की आराधना के साथ हुई। दोपहर 12:30 बजे पारंपरिक वर निकासी निकाली गई, जिसे देखने समाजजन उमड़ पड़े। दोपहर 2 से 5 बजे तक वरमाला और पाणिग्रहण संस्कार हुए, जबकि शाम 6 बजे विदाई समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और समाज की भावनाओं को व्यक्त किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान भी हुआ।

### विधायक समेत कई समाजजन शामिल हुए

इस आयोजन में राजगढ़ जिले सहित राजस्थान और मध्यप्रदेश के अन्य जिलों से भी हजारों की संख्या में स्वर्णकार समाज के लोग पहुंचे। नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने विवाह स्थल पर पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सामूहिक विवाह परंपरा की सराहना की।

## कृषि उपजमंडियों की कार्यों की हुई समीक्षा

**राजगढ़, निप्र।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को जिले की कृषि उपज मंडियों की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि किसान को अनाज बेचने में कोई दिक्कत न हो। कलेक्टर ने एमपी फार्म गेट एप की जानकारी ली। इस एप पर ज्यादा से ज्यादा किसानों का पंजीयन कराया जाए। बैठक में सौदा पत्रक से खरीदी की व्यवस्था की भी जानकारी ली गई। ई-मंडी प्रक्रिया, हम्माल और तुलावटियों की दरें, पंजीकृत व्यापारियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी और मंडी सचिव मौजूद रहे।

## नरसिंहगढ़ में आयोजित हुआ स्वर्णकार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन, 12 जोड़े परिणय सुत्र में बंधे

**राजगढ़।** मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन नरसिंहगढ़ के मेला मैदान में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में राजगढ़, खिलचीपुर,जीरापुर, सुठालिया, कुरावर, नरसिंहगढ़, राजस्थान के झालरापाटन के करीब 12 जोड़े परीणय सुत्र में बंधे। स्वर्णकार समाज जिला संगठन के जिलाध्यक्ष गोपाल सोनी ने बताया कि सम्मेलन की शुरूआत सुबह 9 बजे गणेशजी व अजमीढ़ जी महाराज की पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद दोपहर साढ़े 12 बजे वर निकासी, दोपहर 12 से 2 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, अतिथियों का सम्मान, दोपहर 2 से 5 बजे तक वरमाला व पाणिग्रहण संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसके पश्चात शाम 6 बजे विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त स्वर्णकलां बोर्ड अध्यक्ष दुर्गेश सोनी रहेटी, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष विचार मंच बनवारी सोनी, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष राजमल सोनी कानड़, महामंत्री देवीलाल सोनी आगर सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

### नव दंपतियों को प्रमाण पत्र और भेंट किए उपहार

इस दौरान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन के सरंक्षकों, गणमान्य अतिथियों का सम्मान किया गया। नव विवाहित दंपतियों और उनके परिजनों का प्रमाण पत्र और उपहार भेंट किए। इस दौरान कार्यक्रम में सम्मेलन संयोजक घनश्याम सोनी रामगढ़ वाले, जिला अध्यक्ष गोपाल सोनी सांरगपुर वाले, नगर अध्यक्ष जगदीश उदावत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी अशोक सोनी, युवा अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम का संचालक जिला सचिव प्रकाश सोनी तलेन, संजय सोनी पांचम, मनीष सोनी नरसिंहगढ़ के द्वारा किया गया।

### आंधी-बारिश से दुकानों की चादरें उड़ीं,

**राजगढ़/माचलपुर, निप्र।** तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हुई। तूफान इतना तेज था कि कई घरों और दुकानों की टीन की चादरें उड़ गईं। दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ। किसानों के खेतों में रखे प्याज भीग गए। बारिश और आंधी से प्याज सड़ने लगे।

## तंबाकू निषेध दिवस पर होंगे जागरुकता कार्यक्रम

**राजगढ़, निप्र।** तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी थीम पर 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियां पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। जिनमें छात्रों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

# तहसील कार्यालय में 7 फीट लंबा सांप दिखा, खिलचीपुर में दुर्लभ दोमुंहा चकलौंड




### लोगों में दहशत, उमस की वजह से बिलों से बाहर आए

**राजगढ़, निप्र।** खिलचीपुर तहसील कार्यालय परिसर में बुधवार को 7 फिट लम्बा काला सांप घुसा, जिसे देखकर लोगों में हडकंप मच गया। मंगलवार रात को भी शहर की सड़क पर लोगों को दुर्लभ दोमुंहा सांप- चकलौंड, नजर आया था। इन दोनों ही घटनाओं को लोगों ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिए, इसका वीडियो अब सामने आ रहा है। नौतपा की उमस ने राजगढ़ जिले में सर्पो की हलचल बढ़ा दी है।

बुधवार सुबह करीब 8 बजे तहसील कार्यालय परिसर में एक विशालकाय काला सांप दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह सांप लगभग 7 फीट लंबा था और परिसर में काफी देर तक खुलेआम घूमता रहा। कुछ समय बाद वह एक पेड़ पर चढ़ गया और वहां छिप गया। लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इससे पहले मंगलवार रात नगर की एक मुख्य सड़क पर एक बेहद दुर्लभ प्रजाति का दोमुंहा सांप दिखा था। लोग स्थानीय भाषा में चकलौंड कहते हैं। सर्प विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी और उमस के कारण सांप अक्सर अपने बिलों से बाहर आ जाते हैं।

इस मौसम में जमीन गरम और घुटन भरी होने से साँप ठंडी और खुले स्थानों की तलाश करते हैं। नगरवासियों से अपील की गई है कि यदि इस तरह की कोई स्थिति सामने आए, तो तुरंत वन विभाग या सर्प रेस्क्यू टीम को सूचित करें। किसी भी हाल में सांप को मारने का प्रयास न करें, क्योंकि ये पर्यावरण की जैविक श्रृंखला का अहम हिस्सा हैं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़(ब्यावरा) म.प्र

निविदा आमंत्रण सूचना

नि.सू.क. 36 /2025–26/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां.खंड/राजगढ़/दि 26.05.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा ऑन लाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/appपर आमंत्रित की गई है । राजगढ जिले के विकास खण्ड राजगढ में स्थित सेन्ट्रल स्टोर बिल्डिंग में रिपेरिंग के कार्य हेतु निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है ।

| निविदा क / दिनांक | सिस्टम कमांक | विकास खण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत रू. लाख में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36/25-26 दि. 26.05.25 | 2025 PHED 42556 | राजगढ | राजगढ जिले के विकास खण्ड राजगढ में स्थित सेन्ट्रल स्टोर बिल्डिंग में रिपेरिंग के कार्य हेतु निविदा | 04.18 लाख | 8360.00 | 2000.00 | 30 दिवस वर्षा काल छोडकर सहित | |

ऑन लाईन निविदा कय कॅरने की अंतिम तिथि –06.06.2025

ऑन लाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि –09.06.2025

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
राजगढ (ब्यावरा)म.प्र.

G-13595-25


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरुण कुमार पटेल द्वारा अरुण ऑफसेट प्रिंटर्स, द मॉल शॉपिंग काम्प्लेक्स, कोलार रोड भोपाल से मुद्रित कराकर आनंद विद्या भारती स्कूल के सामने सिराज उद्दीन खान म.नं. 5 जिला राजगढ़ से प्रकाशित। **संपादक:** अरुण कुमार पटेल, **स्थानीय संपादक: इफ्तेखार उद्दीन खान,** मो. 9977442619 उप संपादक : कमरुद्दीन खॉन मो. 9425442435(समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र राजगढ़ होगा।)